**Seventeenth Loksabha**

p>

Title: Regarding trains for faster transport of farmer's produce.

**श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी):** महोदय, माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में प्रस्ताव किया था कि शीघ्र खराब होने वाले कृषि उत्पादों की त्वरित ढुलाई व आसान मार्केटिंग हेतु रेल मंत्रालय द्वारा पीपीपी मॉडल के तहत किसान रेल चलाई जाएगी ।

माननीय रेल मंत्री जी ने भी प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए इस योजना को प्रारम्भ किया । मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय का ध्यान संबंधित कृषि उत्पादनों के लिए निर्बाध राष्ट्रीय कोल्ड सप्लाई चेन बनाने की योजना के तहत मुख्य रेल मार्ग पर न पड़ने वाले स्थानों, जिलों व रेलवे स्टेशन तथा अपेक्षाकृत कम लाभकारी रेल मार्गों पर पड़ने वाले अनेक स्थानों जैसे मेरे लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर सहित बहराइच, पीलीभीत, बदाँयू, एटा, कासगंज व फरूखाबाद आदि को पीपीपी मोड पर चलाने वाली योजना में शामिल करने में कठिनाई आएगी, क्योंकि कम लाभकारी मूल्य है, जिसके कारण ऐसे क्षेत्रों के किसानों को इस योजना व कृषि उत्पाद विपणन संबंधी नये कृषि कानून का पूरा लाभ मिलने में कठिनाई होगी ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से यह माँग करता हूँ कि इस कम लाभकारी रेल मार्गो पर पड़ने वाले स्थानों के किसानों को सरकार की मंशा के अनुरूप लाभ दिलाने हेतु जिन स्थानों पर पीपीपी मोड या निजी रेलगाड़ियाँ उपलब्ध न हो पाएं, वहाँ सरकार के द्वारा अपने मंत्रालय के माध्यम से ट्रेनें चलाकर किसानों को लाभ दिया जाए । धन्यवाद ।